INFUSION NOTES

WHEN ONLY THE BEST WILL DO

MPPSC-PCS

प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

भाग – 1

भारत और मध्यप्रदेश का इतिहास

प्रस्तावना

प्रिय पाठकों, प्रस्तुत नोट्स **"MPPSC -PCS (Madhya Pradesh Public Service Commission) (प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु)"** को एक विभिन्न अपने अपने विषयों में निपुण अध्यापकों एवं सहकर्मियों की टीम के द्वारा तैयार किया गया है / ये नोट्स पाठकों को **मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (MPPSC)** द्वारा आयोजित करायी जाने वाली परीक्षा **"संयुक्त राज्य / अपर अधीनस्थ सेवा (PCS)"** भर्ती परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगें

अंततः सतर्क प्रयासों के बावजूद नोट्स में कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती है / अतः आप सूचि पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित हैं/

प्रकाशकः

INFUSION NOTES

जयपुर, 302029 (RAJASTHAN)

मो : 9887809083

ईमेल : contact@infusionnotes.com

वेबसाइट : http://www.infusionnotes.com

WhatsApp करें - https://wa.link/dy0fu7

Online Order करें - https://bit.ly/3BGkwhu

मूल्य : ₹	**संस्करण : नवीनतम**

इतिहास		
प्राचीन भारत का इतिहास		
क्र.सं.	अध्याय	पेज
	प्राचीन भारत की ज्ञान परंपरा • वेद एवं उपनिषद • आरण्यक , ब्राह्मण ग्रन्थ, षड्दर्शन (धर्म) • स्मृतियाँ, ऋत सभा समिति • गणतंत्र, वर्णाश्रम, पुरुषार्थ, ऋण संस्कार • पञ्चमहायज्ञ, कर्म का सिद्धांत • बोधिसत्व एवं तीर्थकर	1
1.	सिन्धु घाटी सभ्यता • महत्वपूर्ण स्थलों की विशेषताएं एवं घटनाएँ • सिंधु सभ्यता में भिन्न स्थानों से आयात की जाने वाली वस्तुएं • सिंधु सभ्यतान का आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक जीवन • सिंधु सभ्यता की उत्तरजीविता • हड़प्पा सभ्यता या सैंधव सभ्यता का पतन	23
2.	वैदिक काल • साहित्यिक स्त्रोत • पुरातात्विक स्त्रोत • ऋग्वैदिक काल एवं उत्तरवैदिक काल	32

	• प्रशासनिक संस्थाएँ • वैदिक काल में आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक जीवन	
3.	धार्मिक आंदोलन • बौध धर्म के उदय के कारण • बौद्ध धर्म • बौध धर्म के पतन के कारण • बौद्धधर्म में प्रविष्ट बुराइयाँ • बौद्ध धर्म की उपादेयता और प्रभाव • जैन धर्म • जैन धर्म की शिक्षाएं विचार और सिद्धांत • जैन संगीतियां	38
4.	महाजनपद काल • हर्यक वंश • नन्द वंश • नंद वंश के पतन के कारण	50
5.	प्रमुख प्राचीन राजवंश • मौर्य वंश • कुषाण वंश • सातवाहन वंश • गुप्त वंश, चालुक्य वंश, पल्लव वंश, चोल वंश • प्राचीन राजवंशों में आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक जीवन	63

6.	प्राचीन भारत में कला एवं वास्तु कला • सिन्धु घाटी सभ्यता से ब्रिटिश काल तक की कलाएं • भारत के प्रमुख शास्त्रीय नृत्य / नर्तक • भारत के प्रमुख लोकनृत्य • प्रसिद्ध वाद्य यंत्र एवं वादक • भारतीय चित्रकला • भारतीय नृत्य कलाएँ • साहित्य , पर्व एवं उत्सव	84
7.	प्राचीन भारत में भाषा एवं साहित्य का विकास • प्राचीन भारतीय साहित्य • प्राचीन भारत की प्रमुख पुस्तकें • प्रमुख साहित्यिक रचनायें	109
	मध्यकालीन भारत	
1.	अरब आक्रमण • मोहम्मद बिन कासिम • आक्रमण के कारण का प्रमुख उद्देश्य • अरबों की सिंध विजय का परिणाम • सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक एवं न्यायिक परिणाम • भारत में तुर्क आक्रमण • महमूद गजनवी • मुहम्मद गौरी	117

2.	दिल्ली सल्तनत • गुलाम वंश, खिलजी वंश, तुगलक वंश, सैयद वंश, लोदी वंश • सल्तनत काल में आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक जीवन • गुलाम कालीन वास्तुकला • बहमनी एवं विजयनगर साम्राज्य	124
3.	मुग़ल वंश • बाबर, हुमायूँ, अकबर, शाहजहाँ, औरंगजेब • मुग़ल काल में आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक जीवन	140
4.	मध्यकाल में कला एवं वास्तु • मुग़ल कालीन कला एवं वास्तु • दक्षिण भारतीय मध्य-कालीन स्थापत्य कला • मध्यकालीन हिन्दू मंदिर • राजस्थानी स्थापत्य कला • स्थापत्य कला में प्रांतीय शैलियों का योगदान चित्रकला एवं संगीत का विकास	145
	आधुनिक भारत का इतिहास	
1.	भारत में यूरोपीय कम्पनियों का आगमन • बंगाल में ब्रिटिश फैक्ट्रियों की स्थापना • अंग्रेज, फ्रांसीसी संघर्ष	153

	• मुग़ल साम्राज्य का पतन	
2.	मराठा साम्राज्य • आंग्ल-मराठा युद्ध	161
3.	गवर्नर, गवर्नर जनरल एवं वायसराय • ब्रिटिश शासन का भारतीय अर्थव्यवस्था एवं समाज पर प्रभाव	167
4.	1857 की क्रांति के पूर्व के विद्रोह • धार्मिक-राजनैतिक आन्दोलन • कृषक आन्दोलन • ब्रिटिश भारत में जनजातीय आंदोलन • भारत के अन्य प्रमुख विद्रोह	174
5.	1857 ई. की क्रांति	179
6.	भारत में पश्चिमी शिक्षा का उदय • भारत में पत्रकारिता का विकास	188
7.	भारत में सामाजिक -धार्मिक सुधार आंदोलन • भारतीय पुनर्जागरण एवं इसके नेतृत्वकर्ता	190
7.	स्वतंत्रता संघर्ष एवं भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन • राष्ट्रीय आंदोलन के उदय के कारण • कांग्रेस की स्थापना	198

	• नरमपंथी / उदारवादी चरण / उग्रवादी आंदोलन • स्वदेशी आंदोलन • गाँधी वाद	
9.	आजादी के बाद का इतिहास और राष्ट्र निर्माण • गणतंत्र के रूप में भारत का उदय • आजाद हिन्द फौज (भारतीय राष्ट्रीय सेना-INA) • देशी रियासतों का एकीकरण • राज्यों का पुनर्गठन • स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात की प्रमुख घटनाएँ • पुर्तगाली उपनिवेशों का विलय	222
	मध्यप्रदेश का इतिहास	
1.	मध्य प्रदेश के प्राचीन इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाएँ और प्रमुख राजवंश • पाषाणकल • प्रागैतिहासिक काल • आद्य ऐतिहासिक काल • ऐतिहासिक काल	238
2.	मध्य प्रदेश के प्राचीन काल के प्रमुख राजवंश एवं उनका योगदान • गर्दभिल्ल वंश, नागवंश, औलिकर, परिव्राजक राजवंश, उच्च कल्प वंश, गुर्जर प्रतिहार वंश, कल्चुरी, चंदेल, परमार, तोमर, गोंडवंश, कच्छपघात वंश	240

3.	मध्यप्रदेश में 1857 की क्रांति	251
4.	मध्यप्रदेश में स्वतंत्रता आंदोलन • मध्यप्रदेश में हुए प्रमुख राष्ट्रीय आंदोलन • मध्यप्रदेश की रियासतें • मध्यप्रदेश का पुनर्गठन • मध्यप्रदेश की प्रमुख कलाएँ और स्थापत्य कला	254
5.	मध्यप्रदेश की जनजातियां एवं बोलियां • जनजाति • मध्य प्रदेश की बोलियां	261
6.	मध्य प्रदेश के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल • मध्य प्रदेश की पर्यटन नीति • मध्य प्रदेश के पर्यटन स्थल • मध्य प्रदेश के प्रमुख जैन पर्यटक स्थल • मध्य प्रदेश के किले • अन्य इमारतें • मध्यप्रदेश की गुफाएं • मध्यप्रदेश की प्रमुख समाधि एवं मकबरे • मध्य प्रदेश के संग्रहालय • मध्यप्रदेश में विश्व धरोहर	266
7.	मध्य प्रदेश में जनजाति व्यक्तित्व • मध्यप्रदेश के महत्वपूर्ण व्यक्तियों के उपनाम	270

	• राजा शंकरशाह, रघुनाथ शाह, रानी दुर्गावती, भीमाजी नायक, खाज्यानायक, टंट्या भील, गजनसिंह कोरकू, बादल भाई, पेमा फाल्या	
8.	मध्य प्रदेश के प्रमुख त्यौंहार लोक संगीत लोक कलाएं एवं लोक साहित्य • मध्य प्रदेश के प्रमुख त्यौंहार	273
9.	मध्य प्रदेश के प्रमुख मेले • मध्य प्रदेश के प्रमुख समारोह • मध्य प्रदेश के लोक संगीत • बुंदेलखंड के लोक गायन	274
10.	मध्य प्रदेश की प्रमुख लोक कलाएं • बुंदेलखंड के लोक नृत्य • आदिवासी लोकनृत्य	280
11.	मध्य प्रदेश के लोक नाट्य • मालवा क्षेत्र के लोकनाट्य • निमाड़ के लोकनाट्य • बघेलखंड के लोकनाट्य • मध्य प्रदेश के प्रमुख चित्रकार • मध्य प्रदेश के प्रमुख साहित्यकार व उनकी कृतियां	282
	मध्यप्रदेश : विविध	288

अध्याय – I
प्राचीन भारत की ज्ञान परम्परा

वेद एवं उपनिषद्

- **वेदान्त** ज्ञानयोग का एक स्रोत है जो व्यक्ति को ज्ञान प्राप्ति की दिशा में उत्प्रेरित करता है। इसका मुख्य स्रोत उपनिषद् है जो वेद ग्रंथों और वैदिक साहित्य का सार समझे जाते हैं। **उपनिषद्** वैदिक साहित्य का अंतिम भाग है, इसीलिए इसको **वेदान्त** कहते हैं। कर्मकांड और उपासना का मुख्यतः वर्णन मंत्र और ब्राह्मणों में है, ज्ञान का विवेचन **उपनिषदों** में।
- 'वेदान्त' का शाब्दिक अर्थ है – 'वेदों का अंत' (अथवा सार)।
- वेदान्त की तीन शाखाएँ जो सबसे ज्यादा जानी जाती हैं वे हैं: **अद्वैत वेदान्त, विशिष्ट अद्वैत और द्वैत**।
- आदि शंकराचार्य, रामानुज और श्री **माध्वाचार्य** जिनको क्रमशः इन तीनों शाखाओं का प्रवर्तक माना जाता है, इनके अलावा भी ज्ञानयोग की अन्य शाखाएँ हैं। ये शाखाएँ अपने प्रवर्तकों के नाम से जानी जाती हैं-
- जिनमें भास्कर, वल्लभ, चैतन्य, निम्बार्क, वाचस्पति मिश्र, सुरेश्वर और विज्ञान भिक्षु। आधुनिक काल में जो प्रमुख वेदान्ती हुये हैं उनमें रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, अरविंद घोष, स्वामी शिवानंद स्वामी करपात्री और रमण महर्षि उल्लेखनीय हैं।
- ये आधुनिक विचारक अद्वैत वेदान्त शाखा का प्रतिनिधित्व करते हैं । दूसरे वेदान्तों के प्रवर्तकों ने भी अपने विचारों को भारत में भलिभांति प्रचारित किया है, परन्तु भारत के बाहर उन्हें बहुत कम जाना जाता है।
- संत में भी ज्ञानेश्वर महाराज, तुकाराम महाराज आदि संत पुरुषों ने वेदान्त के ऊपर बहुत ग्रंथ लिखे हैं आज भी लोग संतों के उपदेशों के अनुकरण करते हैं।

अद्वैतवाद – इसमें ब्रह्म का विवेचन निर्गुण रूप में किया गया है । इसके प्रमुख दार्शनिक शंकराचार्य हैं।

द्वैतवाद – इसमें ब्रह्म को सगुण ईश्वर के रूप में विवृत किया गया है। रामानुज तथा माध्वाचार्य इस शाखा के प्रमुख दार्शनिक हैं। जिनके मत क्रमशः विशिष्टाद्वैत एवं द्वैत कहे जाते हैं।

उपनिषद्

विद्वानों ने उपनिषद् (upanishad) शब्द की व्युत्पत्ति उप+ नि + षद के रूप में मानी है। इसका अर्थ है कि जो ज्ञान व्यवधान रहित होकर निकट आये, जो ज्ञान विशिष्ट तथा संपूर्ण हो तथा जो ज्ञान सच्चा हो वह निश्चित ही उपनिषद्(upanishad कहलाता है।

भगवद् गीता

- भगवद् गीता या गीता का भारतीय विचारधारा के इतिहास में लोकप्रियता की दृष्टि से सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण स्थान है ।
- आज भी यह हिन्दुओं का सबसे पवित्र एवं सम्मानित ग्रंथ है। गीता मूलतः महाभारत के भीष्मपर्व का अंश है।
- इसमें महाभारत युद्ध के अवसर पर कर्त्तव्यविमुख एवं भयभीत हुए अर्जुन को भगवान कृष्ण द्वारा किये गये उपदेशों का संग्रह है।
- इसकी शिक्षा में एक उदार समन्वय की भावना है, जो हिन्दू विचारधारा की सर्वप्रमुख विशेषता रही है।
- **डॉ.राधाकृष्णन** के शब्दों में यह किसी सम्प्रदाय विशेष की पुस्तक नहीं है, अपितु संपूर्ण मानव समाज की सांस्कृतिक निधि है, जो हिन्दू धर्म को उसकी पूर्णता में उपस्थित करती है ।

आरण्यक

आरण्यक का परिचय

वैदिक वाङ्मय के अनुसार आरण्यक ब्राह्मण ग्रन्थों एवं उपनिषदों को जोड़ने वाली कड़ी है। संहिताओं के अन्तिम भाग ब्राह्मण ग्रन्थ हैं और इनमें यज्ञों के दार्शनिक और आध्यात्मिक पक्ष का जो अंकुरण हुआ है, उसका पल्लवित रूप आरण्क ग्रन्थ हैं।

इनमें उस विषय का और विस्तृत विवेचन हुआ है। इसका ही सुविस्तृत रूप उपनिषदें हैं। वेद की जितनी शाखायें शास्त्रों में निर्दिष्ट हैं वे सभी प्राप्त नही होती हैं।

आरण्यक शब्द एवं अर्थ का विचार

आरण्यक का अर्थ है **अरण्ये भवम् आरण्यकम्** इस अर्थ में अरण्य शब्द से तत्रभवः (पाणिनि के अष्टाध्यायी सूत्र संख्या 4.3.53) इस सूत्र से भव अर्थ मे ठक् प्रत्यय होने पर आरण्यक शब्द निष्पन्न होता है, जिसका अर्थ अरण्य (वन, जंगल) में होने वाला तत्त्व है।

आरण्यकों का महत्त्व

- वैदिक तत्त्व मीमांसा के इतिहास में आरण्यकों का विशेष महत्त्व स्वीकार किया जाता है। जिस प्रकार दही से मक्खन, मलयपर्वत से चन्दन और ओषधियों से अमृत प्राप्त होता है।
- इनमें यज्ञ के गूढ रहस्यों का उद्घाटन किया गया है। इनमें मुख्य रूप से **आत्मविद्या और रहस्यात्मक विषयों** के विवरण हैं।
- वन में रहकर स्वाध्याय और धार्मिक कार्यों में लगे रहने वाले वानप्रस्थ आश्रमवासियों के लिए इन ग्रन्थों का प्रणयन हुआ है।

आरण्यकों का उद्भव

- वैदिक संहिताओं के पश्चात् क्रम में ब्राह्मण ग्रन्थ आते हैं। ब्राह्मण ग्रन्थों के बाद आरण्यक ग्रन्थ आते हैं और उसके बाद उपनिषद् । **आरण्यक, ब्राह्मण ग्रन्थों के पूरक हैं।**
- आरण्यकों का प्रारम्भिक भाग ब्राह्मण हैं और अन्तिम भाग उपनिषद् हैं। ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषद् इतने मिश्रित हैं कि उनके मध्य किसी प्रकार की सीमा रेखा खींचना अत्यन्त कठिन है।
- आरण्यकों के उद्भव पर एक दो तर्कपूर्ण मतों पर भी विचार करना चाहिए। कुछ पाश्चात्य मतों के अनुसार यह कह सकते हैं कि ब्राह्मण ग्रन्थों में वर्णित यज्ञविधि अत्यन्त कष्टसाध्य,

दुर्बोध और नीरस होने के कारण अरुचिकर होती जा रही थी।

- आत्मिक शान्ति के लिए आध्यात्म की आवश्यकता अनुभव की गई और स्थूल द्रव्यमय यज्ञ से सूक्ष्म आध्यात्म-यज्ञ की ओर प्रवृत्ति हुई। दूसरी ओर दुर्बोधता से बचने के लिए आरण्यकों की रचना की गई।
- दूसरे पक्ष पर यदि विचार करें तो आश्रम चतुष्टय नियमानुसार **गृहस्थ, ब्रह्मचर्य, वानप्रस्थ और संन्यास** इनके चार भेद हैं और वेद के भी चार भाग हैं- **संहिता, ब्राह्मण, आरण्यक एवं उपनिषद् ।**
- इनका क्रमशः वर्गीकरण करें तो **ब्रह्मचर्याश्रम** में वेदाध्ययनगत ब्राह्मण ग्रन्थ विहित कर्मकाण्डों के प्रतिपादन हेतु गृहस्थाश्रम है और **वानप्रस्थाश्रमवासी** के लिये आरण्यक ग्रन्थ तथा संन्यासाश्रम के लिये उपनिषद् हैं।

आरण्यकों के रचयिता

- वैदिक ज्ञान राशि के अन्तर्गत आरण्यक ब्राह्मण ग्रन्थों का ही एक भाग है। इन ब्राह्मण ग्रन्थों के भी रचयिता भिन्न-भिन्न ऋषि हैं, अतः आरण्यकों के रचयिता ब्राह्मण के रचनाकार ही माने जाते हैं।
- कुछ आरण्यकों के रचनाकार इस प्रकार हैं- **ऐतरेय ब्राह्मण** के रचनाकार महिदास ऐतरेय हैं।
- वही ऐतरेय आरण्यक के भी रचनाकार हैं ऐसा माना जाता है कि ऐतरेय आरण्यक के **चतुर्थ आरण्यक** के प्रवक्ता आश्वलायन और पञ्चम आरण्यक के प्रवक्ता शौनक ऋषि हैं।

आरण्यकों का प्रतिपाद्य विषय

- **वैदिक वाङ्मय** के अनुसार तथा **आरण्यक साहित्य** के अवलोकन के पश्चात् आरण्यकों का प्रतिपाद्य विषय आत्मदर्शन, परमात्मदर्शन, आध्यात्मिक ज्ञान आदि ही मानना समुचित होगा।
- आरण्यक ग्रन्थों में प्राणविद्या की महिमा का विशेष प्रतिपादन किया गया है । यहाँ प्राण को कालचक्र बताया गया है। दिन और रात्रि प्राण एवं अपान है ।
- **तैत्तिरीयारण्यक में यज्ञोपवीत** का महत्त्व बताया गया है। यज्ञोपवीत धारण करके जो यज्ञ, पठन आदि किया जाता है, वह सब यज्ञ की श्रेणी में आता है।
- आरण्यकों में ऐतिहासिक तथ्यों का भी अत्यल्प प्रयोग हुआ है। गंगा-यमुना के मध्यवर्ती प्रदेश को आरण्यकों में अत्यन्त पवित्र बताया गया है। इसी भाग में कुरुक्षेत्र और खाण्डव वन भी है।

समुपलब्ध आरण्यक ग्रन्थ

सम्प्रति वैदिक साहित्य के प्रचलित लेखक **आचार्य बलदेव उपाध्याय, डॉ. कपिलदेव द्विवेदी, आचार्य जगदीशचन्द्र मिश्र** आदि ने उपलब्ध आरण्यकों की **संख्या 6** मानी है। **आचार्य भगवद्दत्त जी एवं आचार्य वाचस्पति गैरोला** ने समुपलब्ध आरण्यकों की **संख्या 8** मानी है।

ये निम्नवत् हैं-

1. **ऋग्वेद के आरण्यक** - (क) ऐतरेय आरण्यक (ख) शांखायन आरण्यक
2. **शुक्ल यजुर्वेद के आरण्यक** - (क) बृहदारण्यक - यह माध्यन्दिन और काण्व दोनों शाखाओं में प्राप्य है ।
3. **कृष्ण यजुर्वेद के आरण्यक** - (क) तैत्तिरीय आरण्यक (ख) मैत्रायणी आरण्यक
4. **सामवेद के आरण्यक** - (क) तवलकार आरण्यक (ख) छान्दोग्य आरण्यक

   (सामवेद की **जैमिनि शाखा** का तवलकारारण्यक है। इसको जैमिनीय उपनिषद् ब्राह्मण भी कहते हैं। सामवेद की कौथुम शाखा का पृथक् आरण्यक नहीं है। **छान्दोग्य उपनिषद्** कौथुम शाखा से सम्बद्ध है। इसके ही कुछ अंशों को छान्दोग्य आरण्यक कहा जाता है ।)
5. **अथर्ववेद के आरण्यक** - (क) गोपथ आरण्यक

ऋग्वेद के आरण्यक

वैदिक साहित्यानुसार चरणव्यूह, पातञ्जल महाभाष्य श्रीमद्भागवत आदि ग्रन्थों में निर्दिष्ट ऋग्वेद की कुल 21 शाखाओं में से वर्तमान में कतिपय शाखा तथा कतिपय ब्राह्मण ग्रन्थ ही उपलब्ध हैं, जो इस प्रकार हैं-

ऐतरेय आरण्यक, यह ऋग्वेद की ऐतरेय शाखा से सम्बन्धित है।

शांखायन आरण्यक, यह ऋग्वेद की शांखायन शाखा अपर नाम कौषतकीय शाखा से सम्बद्ध है।

ऐतरेय आरण्यक

- इसका सम्बन्ध ऋग्वेद से है। यह ऐतरेय ब्राह्मण का ही परिशिष्ट है। ऐतरेय के अन्दर पाँच मुख्य अध्याय (आरण्यक) हैं, इन्हें प्रपाठक भी कहा जाता है। प्रपाठक अध्यायों में विभक्त है। इसके प्रथम तीन आरण्यक के रचयिता ऐतरेय, चतुर्थ के आश्वलायन तथा पंचम के शौनक माने जाते हैं।
- डॉक्टर कीथ इसे निरुक्त की अपेक्षा अर्वाचीन मानकर इसका रचनाकाल षष्ठ शताब्दी विक्रम पूर्व मानते हैं, परन्तु यह निरुक्त से प्राचीनतम है । ऐतरेय के प्रथम तीन आरण्यकों के कर्ता महिदास हैं इससे उन्हें ऐतरेय ब्राह्मण का समकालीन मानना न्यायसंगत है।
- इसका प्रकाशन 1876 ई. में सत्यव्रत सामश्रमी ने किया था। तदनन्तर ए. बी. कीथ ने 1909 ई. में अंग्रेजी अनुवाद प्रकाशित किया था । इस पर सायण और शंकराचार्य ने भी भाष्य लिखे हैं। इस आरण्यक के विशिष्ट प्रसंग प्राणविद्या, प्रज्ञा का महत्त्व, आत्मस्वरूप का वर्णन, वैदिक अनुष्ठान, स्त्रियों का महत्त्व, शास्त्रीय महत्त्व और आचार संहिता के बारे में विस्तार से वर्णन है।

प्रत्येक आरण्यक (अध्याय) इसके निम्नवत् हैं -

आदि प्रस्तुत करना साथी यज्ञ में निश्चित करें कार्यों की निंदा करना ।

4. **विधि-यज्ञ** और उससे संबद्ध कार्यकलाप का विस्तृत विवरण बताना यज्ञ कब कहां कैसे किया जाएगा? मीमांसा दर्शन के शाबर भाष्य में शबरस्वामी ने इन्हीं विषयों को कुछ और विस्तृत करते हुए ब्राह्मण ग्रंथों के प्रतिपाद्य **विषयों की संख्या 10** बताई हैं-

यज्ञ में कोई कार्य क्यों किया जाता है इसका कारण बताना।

निर्वचन शब्दों की नियुक्ति बताना जैसे नदी शब्द करना, धातु से नदी शब्द बना

निंदा यज्ञ में निंदा निषिद्ध कर्मों की निंदा जैसे यज्ञ में असत्य भाषण निश्चित है असत्य भाषण को निंदा करते हैं।

प्रशंसा यज्ञ में विभिन्न कार्यों की प्रशंसा करना जैसे यज्ञो श्रेष्ठतमः कर्म- अर्थात् यज्ञ सबसे श्रेष्ठ कर्म है अतः अवश्य करना चाहिए इस प्रकार यज्ञ की प्रशंसा करना ।

किसी यज्ञ कर्म के विषय में कोई संदेह उपस्थित हो तो उसका निवारण करना, यह कार्य इस प्रकार से ही किया जाए। इसका स्पष्ट निर्देश करना।

विधि का अभिप्राय है यज्ञ क्रियाकलाप की पूरी विधि का विशद निरूपण । कौनसा कार्य पहले किया जाए तथा उसके बाद के कार्यों का तारतम्य से विवरण प्रस्तुत करना ।

इसके अर्थ के विषय में पर्याप्त मतभेद है प्रक्रिया का भाव है परार्थक क्रिया पर हित या परोपकार वाले कर्मों को कर्तव्यों का वर्णन इसमें इष्टापूर्त का समावेश है।

यज्ञ की विधि विभिन्न विधियों के समर्थन में किसी प्राचीन आख्यान या ऐतिहासिक घटना का वर्णन करना जैसे राजा के अभाव में जनता के बीच रहती थी।

कल्पना परिस्थिति के अनुसार कार्य की व्यवस्था करना । सायण ने इसका उदाहरण दिया है जितने घोड़े हों उतने जल भरे पात्र रखें।

कोई उपमा या उदाहरण देकर वर्ण्य विषय की पुष्टि करना। जैसे ऐतरेय ब्राह्मण में " चरैवेति" की पुष्टि में सूर्य का उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। सूर्य निरंतर चलता रहता है उस की तेजस्विता बनी रहती है।

षड्दर्शन

षड्दर्शन उन भारतीय दार्शनिक एवं धार्मिक विचारों के मंथन का परिपक्व परिणाम है जो हजारों वर्षो के चिन्तन से उतरा और हिन्दू (वैदिक) दर्शन के नाम से प्रचलित हुआ। इन्हें आस्तिक दर्शन भी कहा जाता है ।

यहाँ के ऋषि -महर्षियों ने सृष्टि की रचना, जीवन- मरण का चक्र, आत्मा- परमात्मा, स्वर्ग- नर्क की अवधारणा, पुनर्जन्म, जीवन के लक्ष्य इत्यादि सीमांत अवधारणाओं पर गहन चिंतन किया है ।

भारतीय धार्मिक ग्रंथों में मुक्ति का महत्व सदा अनन्य रहा है । सभी धर्मों में मुक्ति को ही जीवन के अंतिम लक्ष्य के तौर पर प्रस्तुत किया गया है ।

इसी संबंध में प्राचीन भारत में मुक्ति की संविधाओं के तौर पर दर्शन के 6 मुख्य मार्ग विकसित हुए जिन्हें **षड्दर्शन** कहा जाता है ।

षड्दर्शन 6 प्रकार के होते हैं-

1. न्याय दर्शन
2. वैशेषिक दर्शन
3. संख्या दर्शन
4. मीमांसा दर्शन
5. योग दर्शन
6. वेदांत दर्शन

सांख्य दर्शन

भारतीय दर्शन में सांख्य दर्शन प्राचीनतम दर्शन है। इस दर्शन के प्रवर्तक "महर्षि कपिल" है। आचार्य गौतम बुद्ध ने भी सांख्य दर्शन का अध्ययन किया। क्योंकि उनके गुरु आलार कलाम सांख्य दर्शन के विद्वान थे। उन्होंने गौतम बुद्ध को सांख्य का उपदेश दिया। जिससे उनके मन में वैराग्य उत्पन्न हुआ और वह घर त्याग कर चले गए।

सांख्य दर्शन मुख्यतः दो (2) तत्वों को मानता है। 1. प्रकृति 2.पुरुष इन दो तत्वों से ही सांख्य दर्शन के अन्य (23) तत्वों की उत्पत्ति होती है। सांख्य में प्रकृति को अचेतन कहा गया है और वहीं पुरुष को चेतन। जब पुरुष का प्रतिबिंब (छाया) प्रकृति के ऊपर पड़ता है। तब सृष्टि प्रक्रिया आरंभ होती है। यह सांख्य दर्शन का मत है।

सांख्य दर्शन में तत्त्व

सांख्य दर्शन में 25 तत्व हैं। इन तत्वों का सम्यक् ज्ञान जीव को जन्म-मरण के बंधन से मुक्त करता है। सांख्य का अर्थ ही है- तत्वों का ज्ञान। जिससे जीव मुक्ति पा सके। गीता में भी भगवान श्रीकृष्ण ने सांख्य दर्शन का उपदेश अर्जुन को दिया। सांख्य दर्शन के विभिन्न आचार्य हुए। लेकिन आज के समय में सांख्य दर्शन का जो प्रामाणिक ग्रंथ मिलता है। वह ग्रंथ है- "सांख्य-कारिका"। इसका श्रेय आचार्य ईश्वर कृष्ण को जाता है।

ईश्वर कृष्ण ने अपनी सांख्यकारिका में आचार्य कपिल के सूत्रों (सांख्यसूत्र) को कारिका बद्ध करके पाठकों के लिए सहज और अर्थ दृष्टि से भी सरल बनाया है। सांख्य-कारिका विभिन्न लेखकों, संपादकों द्वारा रचित है। लेकिन डॉ. विमला कर्नाटका द्वारा लिखित सांख्य-कारिका प्रचलित तथा बोधगम्य है।

सांख्य के 25 तत्वों का विवरण -

सांख्य दर्शन में क्रमशः 25 तत्त्व माने गए हैं। पच्चीस तत्त्व हैं- प्रकृति, पुरुष, महत् (बुद्धि), अहंकार, पंच ज्ञानेन्द्रिय (चक्षु, श्रोत, रसना, घ्राण, त्वक्), पंच कर्मेन्द्रिय (वाक्, पाद, पाणि, पायु, उपस्थ), मन, पंच- तंमात्र (रूप, रस, गंध, शब्द, स्पर्श) पंच-महाभूत (पृथ्वी, जल, तेज, वायु, आकाश)।

सांख्य दर्शन सूत्रबद्ध होने की वजह से पढ़ने में कठिन था। लेकिन उसका कारिकाबद्ध होने से पढ़ने में सुविधा हुई। जब तक सांख्य दर्शन सूत्रों में था, तब तक उसे कुछ विद्वान ही पढ़ पाते थे। लेकिन सूत्र से कारिका और कारिका से तत्त्व-कौमुदी के विकास ने सांख्य दर्शन को जीवित कर दिया और उसको अनेक विद्वान व छात्र सहर्ष पढ़ने लगे।

सांख्य दर्शन का प्रमुख सिद्धांत -

सांख्य का मुख्य सिद्धांत सत्कार्यवाद है। जिससे सत् से सत् की उत्पत्ति आदि पांच हेतु माने गए हैं। सांख्य दर्शन ईश्वर को नहीं मानता, इसीलिए इसे निरीश्वरवाद भी कहते हैं। यह दर्शन पुरुष को आत्मा और प्रकृति को माया आदि नामों से पुकारा जाता है।

सांख्य दर्शन का सर्वोत्कृष्ट तत्त्व बुद्धि को माना गया है। जिसे हम महत् के नाम से भी जानते हैं। क्योंकि बुद्धि के द्वारा ही हमें सत्य और असत्य का भान होता है। इसीलिए इसे विवेकी भी कहा गया है। सांख्य में बुद्धि के 8 धर्म बताये गए हैं- धर्म, ज्ञान, वैराग्य, ऐश्वर्य, अधर्म, अज्ञान, अवैराग्य एवं अनैश्वर्य। बुद्धि के यह 8 धर्म ही मनुष्य को सद्गति व अधोगति की ओर ले जाने का कार्य करते हैं।

सांख्य दर्शन शास्त्र में मुक्ति -

सांख्य दर्शन में दो प्रकार की मुक्ति बताई गई है। 1. देह-मुक्ति 2. विदेह-मुक्ति। देह-मुक्ति का तात्पर्य है- शरीर की मुक्ति और विदेह-मुक्ति से तात्पर्य है- जन्म-मरण प्रक्रिया से सदैव के लिए मुक्ति व सूक्ष्म शरीर की मुक्ति।

सांख्य दर्शन को विभिन्न भारतीय दर्शनों में यत्र-तत्र सर्वत्र पढ़ा जा सकता है। श्रुति लेखानुसार- सभी दर्शनों की उत्पत्ति सांख्य दर्शन से मानी गई है। सर्व प्राचीन दर्शन होने का गौरव सांख्य दर्शन को ही प्राप्त है।

योगदर्शन

पतंजलि योगसूत्र का परिचय

योगदर्शन एक बड़ा ही महत्त्वपूर्ण और साधकों के लिये परम उपयोगी ग्रंथ है। जिस प्रकार पूर्व में हमने महर्षि पतंजलि के **सम्पूर्ण जीवन परिचय** वाली पोस्ट में चर्चा की थी की योगसूत्र ग्रंथ महर्षि पतंजलिकृत सभी ग्रंथों में से एक है। इसमें अन्य दर्शनों की भांति खण्डन-मण्डन के लिये युक्तिवाद का अवलम्बन न करके सरलतापूर्वक बहुत ही कम शब्दों में अपने सिद्धांत का निरूपण किया गया है। इस ग्रंथ पर अब तक संस्कृत, हिंदी और अन्यान्य भाषाओं में बहुत भाष्य और टीकाएँ लिखी जा चुकी हैं।

महर्षि पतंजलि ने **पातंजलि योगसूत्र** ग्रंथ को चार भागों अर्थात् चार अध्यायों में बाँटा है, जिन्हें पाद के नाम से जाना जाता है।

योग दर्शन के चार पाद -

1. समाधिपाद - 51 सूत्र
2. साधनपाद - 55 सूत्र
3. विभूतिपाद - 55 सूत्र
4. कैवल्यपाद - 34 सूत्र

इन चारों पादों का परिचय निम्नलिखित इस प्रकार है-

1. **समाधिपाद**

योगदर्शन के प्रथम पाद में योग के स्वरूप, लक्षण और योग की प्राप्ति के उपायों का वर्णन करते हुए **चित्तवृत्तियों** के पाँच भेद के साथ उनके लक्षण बतलाये गये हैं। वहाँ सूत्रकार ने निद्रा को भी चित्त की वृत्तिविशेष के अन्तर्गत माना है अन्य दर्शनकारों की भांति इनकी मान्यता में निद्रा वृत्तियों का अभावरूप अवस्था विशेष नहीं है। तथा विपर्ययवृत्ति का लक्षण करते समय उसे मिथ्याज्ञान बताया है।

अतः साधारण तौर पर यही समझ में आता है कि दूसरे पाद में 'अविद्या' के नाम से जिस प्रधान क्लेश का वर्णन किया गया है वह और चित्त की विपर्ययवृत्ति दोनों एक ही हैं; परंतु गम्भीरता पूर्वक विचार करने पर यह बात ठीक नहीं मालूम होती। ऐसा मानने से जो-जो आपत्तियाँ आती हैं, उनका दिग्दर्शन सूत्रों की टीका में कराया गया है दृष्टा और दर्शन की एकतारूप अस्मिता-क्लेश के कारण का नाम 'अविद्या' है वह अस्मिता चित्त की कारण मानी गयी है)।

इस पाद के सत्रहवें और अठारहवें सूत्रों में समाधि के लक्षणों का वर्णन बहुत ही संक्षेप में किया गया है। उसके बाद इकतालीसवें से लेकर इस पाद की समाप्ति तक समाधि का कुछ विस्तार से फिर से वर्णन किया गया है, परन्तु विषय इतना गम्भीर है कि समाधि की वैसी स्थिति प्राप्त कर लेने के पहले उसका ठीक-ठीक भाव समझ लेना बहुत ही कठिन है।

2. **साधनपाद**

इस दूसरे पाद में अविद्यादि **पंच क्लेशों** को समस्त दुःखों का कारण बताया गया है, क्योंकि इनके रहते हुए मनुष्य जो कुछ भी कर्म करता है, वे सब के सब संस्काररूप से अन्तःकरण में इकट्ठे होते रहते हैं, उन संस्कारों के समुदाय का नाम ही कर्माशय है। इस कर्माशय के कारणभूत क्लेश जब तक रहते हैं, तब तक जीव को उनका फल भोगने के लिये नाना प्रकार की योनियों में बार-बार जन्मना और मरना पड़ता है एवं पापकर्म का फल भोगने के लिये घोर नरकों की यातना भी सहन करनी पड़ती है। पुण्यकर्मों का फल जो अच्छी योनियों की और सुखभोग संबंधी सामग्री की प्राप्ति है वह भी विवेक की दृष्टि से दुःख ही है।

अतः समस्त दुःखों का सर्वथा अत्यन्त अभाव करने के लिये क्लेशों का मूलोच्छेदन करना अत्यंत आवश्यक है। इस पाद में उनके नाश का उपाय निश्चल और निर्मल विवेकज्ञान को तथा उस विवेकज्ञान की प्राप्ति का उपाय योगसंबंधी आठ अंगों के अनुष्ठान को बताया है। महर्षि पतंजलि के अनुसार इसलिए साधक को चाहिए कि बताये हुए योगसाधनों का श्रद्धापूर्वक अनुष्ठान करे।

(4) गुण का सिद्धान्त (Theory of Traits) –

- वर्णों की उत्पति **गुणों के आधार** पर हुई है, यह विश्वास भी कुछ लोग करते हैं। इस विश्वास के अनुसार एक व्यक्ति किस वर्ण का सदस्य होगा यह इस बात पर निर्भर नहीं है कि उसका जन्म किस परिवार या वर्ण में हुआ है ।
- भारतीय मान्यता के अनुसार गुण **तीन प्रकार** के होते हैं- **सतोगुण, रजोगुण व तमोगुण**,मनु के अनुसार जिस मनुष्य के स्वभाव में जिस गुण की प्रधानता होती है ।
- मनु का कथन है कि **ज्ञान सतोगुण का, अज्ञान तमोगुण का तथा राग-द्वेष रजोगुण** के लक्षण हैं । आत्मा का निर्मल पक्ष जो प्रीतियुक्त, प्रशान्त तथा प्रकाशरूप है ।
- फल प्राप्ति के उद्देश्य से कर्म करना, अधीरता तथा यशस्वी होने की इच्छा- ये रजोगुण के लक्षण हैं। क्षत्रियों में इस गुण का प्राधान्य रहा, इसीलिए उन्हें शासन-व्यवस्था लोक-रक्षा तथा शौर्य के कार्य सौंपे गए।
- इस प्रकार **सतोगुण प्रधान ब्राह्मण, रजोगुण प्रधान क्षत्रिय, तमोमिश्रित रजोगुण प्रधान वैश्य तथा तमोगुण प्रधान शूद्र** होता है ।

(5) जन्म का सिद्धान्त (Theory of Birth) –

- कुछ विद्वानों का कथन है कि **वर्ण का आधार जन्म है, न कि कर्म** । जो व्यक्ति जिस परिवार में जन्म लेता है उसी के अनुसार उसके वर्ण का निर्धारण होता है ।
- **डॉ. घुरिये** का कथन है कि **प्रारम्भ में केवल 'आर्य' और 'दास' ये दो वर्ण थे।** आर्य लोग जहां भी पाए गए वहां उन लोगों ने वहां के आदिवासियों को पराजित किया ।
- आर्यों ने यहां के मूल निवासियों को भी 'दास' कहकर पुकारा और अपने तथा उनके बीच अन्तर स्पष्ट करने के लिए 'वर्ण' शब्द का प्रयोग किया ।
- वर्ण-व्यवस्था के निर्णायक कारण या आधार के सम्बन्ध में विद्वानों में काफी मतभेद है। परन्तु इन मतभेदों का विश्लेषण करके हम इस निष्कर्ष पर पहुंच सकते हैं

वर्ण और जाति में भेद

वर्ण और जाति के परस्पर सम्बन्धों के आधार पर इन दोनों में पाए जाने वाले अन्तरों को निम्न क्रम से समझा जा सकता है-

वर्ण

'वर्ण'	जाति (Caste)
(1) शब्द **संस्कृत की 'वृ' धातु** से बना है जिसका अभिप्राय चुनने या अपनाने से है, अर्थात् वर्ण वह है जिसको व्यक्ति अपने कर्म व स्वभाव अनुसार चुनता है ।	(1) 'जाति' शब्द की व्युत्पत्ति **संस्कृत की 'जन' धातु से हुई** है जिसका अभिप्राय जन्म से है, अर्थात् जाति-व्यवस्था जन्म पर आधारित है ।
(2) वर्ण-व्यवस्था के अन्तर्गत व्यक्ति को अपने कर्म व स्वभाव के अनुसार वर्ण चुनने की स्वतन्त्रता है।	(2) जाति प्रथा में जन्म से प्राप्त होने वाले अधिकारों को विशेष महत्त्व दिया जाता है ।
(3) वर्ण-व्यवस्था **लचीली एवं परिवर्तनशील व्यवस्था** है। ऐसा वर्णन मिलता है कि वैदिक काल में विभिन्न वर्गों में आपस में विवाह होते थे; खान-पान का कोई भेद-भाव नहीं था।	(3) जाति **जन्ममूलक** है और यही कारण है कि यह अपने सदस्यों के विवाह, खान-पान व्यवसाय आदि के प्रति कठोर रुख अपनाती है ।
(4) वर्ण की संख्या केवल चार (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य व शूद्र) है ।	(4) जबकि जातियों की संख्या हजारों में है। जनगणना रिपोर्टों के अनुसार भारत में इस समय लगभग 4,000 से अधिक जातियाँ व उपजातियाँ हैं ।

वर्णों के कर्त्तव्य या 'वर्ण - धर्म (Duties of Varnas or 'Varna' Dharma)

हिंदू शास्त्रकारों ने विभिन्न वर्णों के कुछ निश्चित कर्त्तव्यों या 'धर्म' का भी निर्धारण किया है स्मृतियों के अनुसार चारों वर्णों के कुछ सामान्य 'धर्म या कर्त्तव्य भी हैं जैसे हिन्दू शास्त्रकारों ने विभिन्न वर्णों के कुछ निश्चित कर्त्तव्यों या 'धर्म का भी निर्धारण की वस्तु लेने से बचना,चरित्र एवं जीवन की पवित्रता को बनाए रखना, इन्द्रियों पर वित प्राणियों को हानि ने पहुंचाना, सत्य की खोज करना, अनधिकारपूर्वक किसी दूसरे **नियन्त्रण रखना, आत्मसंयम, क्षमा, ईमानदारी, दान** आदि सद्गुणों का अभ्यास करना । फिर भी प्रत्येक वर्ण के कुछ अलग-अलग कर्त्तव्य या 'धर्म भी हैं, इन्हीं को **वर्ण-धर्म** कहते हैं ।

मनु के अनुसार ये वर्ण-धर्म निम्न हैं-

(1) द्विजों में श्रेष्ठ ब्राह्मण हैं । ब्राह्मण का आधार उसकी सात्विक वृत्ति तथा उसका निश्चल स्वभाव है । इसी दृष्टिकोण से मनुस्मृति में ब्राह्मणों के इन गुणकर्मों का उल्लेख या गया है - ब्राह्मण को चाहिए कि वह अपने तिरस्कार को विष के समान समझ हुआ उससे सदा डरता रहे और आदर को अमृत समझता हुआ उसकी सदा कामना करता रहे।

(2) मनु के अनुसार क्षत्रिय का प्रमुख कर्त्तव्य **प्रजा की रक्षा करना, युद्ध करना, दान देना, यज्ञ करना** आदि हैं।

(3) गाय-बैल आदि पशुओं की रक्षा करना, दान अग्निहोत्र आदि करना, व्यापार करना, ब्याज पर रुपया लेना-देना, और खेती करना - ये वैश्य के कर्त्तव्य कर्म हैं ।

(4) शूद्र का कार्य उपरोक्त तीन वर्णों की **बिना ईर्ष्या के सेवा करना** है ।

व्यक्ति एक ऐसे परिवार में क्यों जन्म लेता है जिसका कि पैशा निम्न है - इस प्रश्न का उत्तर 'कर्म' का सिद्धान्त दे

अध्याय – 5

धार्मिक आंदोलन

- **बौद्ध धर्म**
- बौद्ध धर्म के **संस्थापक गौतम बुद्ध थे।**
  सिद्धार्थ-बचपन का नाम - सिद्धि प्राप्त करने के लिए जन्म लेने वाला।
- जन्म 563 ई.पू. - लुम्बिनी (नेपाल)
- कुल- शाक्य (क्षत्रिय कुल)
- बुद्ध की माता – महामाया
- बुद्ध की माता की मृत्यु के बाद पालन पोषण महाप्रजापति गौतमी ने किया था।
- पिता – शुद्धोधन
- बुद्ध का विवाह - यशोधरा से
  बुद्ध के पुत्र का नाम राहुल था।

बौद्ध धर्म के शीघ्र प्रसार के कारण

(1) महात्मा बुद्ध का प्रभावशाली व्यक्तित्व-महात्मा बुद्ध का जीवन आदर्शपूर्ण था। उनमें मानवीय गुणों की प्रचुरता थी। उनका हृदय दया, स्नेह और करुणा से परिपूर्ण था। अतः जो व्यक्ति उनके सम्पर्क में आता था, वही उनसे प्रभावित होकर उनका अनुयायी बन जाता था।

(2) बौद्ध धर्म की सरल शिक्षाएँ- बौद्ध धर्म के सिद्धान्त सरल और व्यावहारिक थे। उन्होंने संसार के दुखों से छुटकारा पाने के लिए शुद्ध आचरण पर बल दिया। अन्य धर्मों में ऐसे सरल सिद्धान्त नहीं थे। अतः जनसाधारण ने बौद्ध धर्म को सहर्ष स्वीकार कर लिया।

(3) जनसाधारण की भाषा में प्रचार- महात्मा बुद्ध ने अपनी शिक्षाओं का प्रचार जनसाधारण की भाषा में किया जिससे उनकी शिक्षाओं का व्यापक प्रचार हुआ।

(4) **प्रचार शैली में रोचकता**-महात्मा बुद्ध की प्रचार शैली सरल, रोचक तथा सुबोध थी। प्रचार शैली की रोचकता के कारण भी महात्मा बुद्ध के उपदेशों का व्यापक प्रभाव पड़ता था।

(5) धर्म प्रचारकों का उत्साह- धर्म प्रचारकों ने बौद्ध धर्म को फैलाने में अनुपम त्याग और उत्साह का परिचय दिया। उन्होंने सब प्रकार के कष्टों को सहन करते हुए बौद्ध धर्म के सिद्धान्तों का दूर-दूर तक प्रचार किया बौद्ध प्रचारक भारत के कोने-कोने में ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण एशिया के विभिन्न स्थलों में फैल गये।

(6) बौद्ध मठों का योगदान- बौद्ध मठों ने भी बौद्ध धर्म के प्रचार एवं प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इन बौद्ध संघों का संगठन लोकतन्त्रीय था।

(7) समानता की भावना- बौद्ध धर्म की लोकप्रियता का एक कारण यह था कि इस धर्म में जाति तथा ऊंच-नीच का भेद-भाव न था। बौद्ध धर्म के द्वार सभी जातियों और सम्प्रदायों के लोगों के लिए खुले हुए थे। परिणामस्वरूप निम्न वर्ग के लोग भी बौद्ध धर्म की ओर आकर्षित हुए और उन्होंने इस धर्म को सहर्ष ग्रहण किया।

(8) राजकीय संरक्षण- बौद्ध धर्म को प्रारम्भ से ही अनेक गणराज्यों और राजतन्त्रों का संरक्षण प्राप्त हुआ। बिम्बिसार, अजातशत्रु तथा प्रसेनजित बुद्ध से प्रभावित थे। सम्राट अशोक ने भी बौद्ध धर्म को संरक्षण प्रदान किया और उसके प्रचार व प्रसार में अपना तन-मन-धन लगा दिया।

(9) वैदिक धर्म की जटिलता-उत्तर वैदिक काल में वैदिक धर्म में अनेक कुरीतियों का समावेश हो गया था। अतः जब महात्मा बुद्ध ने हिंसात्मक यज्ञों, वैदिक कर्मकाण्डों और पुरोहितवाद की आलोचना की तो अनेक व्यक्ति उनके उपदेशों से प्रभावित होकर बुद्ध धर्म के अनुयायी बन गये।

(10) बौद्ध सभाओं तथा बौद्ध विश्वविद्यालयों का प्रभाव- महात्मा बुद्ध की मृत्यु के पश्चात् बौद्धों की चार सभाएं समय-समय पर हुई। इन सभाओं के आयोजन से संगठन को शक्तिशाली बनाने की प्रेरणा मिली। इसी प्रकार **नालन्दा, विक्रमशीला तथा इदतपुरी के बौद्ध मठों ने भी बौद्ध धर्म के प्रचार एवं प्रसार में महत्वपूर्ण योग दिया।**

महाभिनिष्क्रमण

- 29 वर्ष की आयु में
- सांसारिक जीवन का त्याग कर दिया था।
- अनोमा नदी के तट पर सिर मुण्डन
- काषाय वस्त्र धारण किये।
- प्रथम गुरु आलार कलाम थे।
- सांख्य दर्शन के आचार्य
- बाद में उरुवेला (बोधगया) प्रस्थान
- यहाँ पांच साधक मिले।
- इनमें कौण्डिय प्रमुख थे ।

ज्ञान प्राप्ति –

- 35 वर्ष की आयु में – बोधगया में ज्ञान की प्राप्ति हुई।
- **वैशाख पूर्णिमा को पीपल के वृक्ष के नीचे निरंजना नदी (पुनपुन) के तट पर ज्ञान की प्राप्ति हुई।**
- इसी दिन से **गौतम बुद्ध तथागत** कहलाये तथा गौतम बुद्ध नाम भी यहीं से हुआ।
  जिसने सत्य को प्राप्त कर लिया।

धर्मचक्र प्रवर्तन- सारनाथ में

- बोधगया से सारनाथ आये
- प्रथम उपदेश दिया-5 ब्राह्मण सन्यासियों को मागधी भाषा में।
- गौतम बुद्ध का बौद्ध संघ में प्रवेश हुआ।
- सर्वप्रथम अनुयायी –
  तपस्स जाट शुद्र
  कालिक
- प्रिय शिष्य- आनन्द

बौद्ध धर्म की प्रथम महिला भिक्षु - गौतमी (बुद्ध की मौसी)

अन्तिम उपदेश

- **कुशीनारा में** सुभच्छ को दिया
- हिरण्यवती नदी तट पर

महापरिनिर्वाण (मृत्यु)

- कुशीनारा में 483 ई.पू.
- 80 वर्ष की आयु में
- बुद्ध के अवशेष **8 भागों में** डाले गये जहां स्तूप बनाये गये।

वैशाख पूर्णिमा का महत्व

- वैशाख पूर्णिमा को **बुद्ध पूर्णिमा** भी कहते हैं।
- गौतम बुद्ध का जन्म, ज्ञान प्राप्ति
- महापरिनिर्वाण - वैशाख पूर्णिमा को
  अपवाद-महाभिनिष्क्रमण
- गौतम बुद्ध में 32 महापुरुषों के लक्षण बताये गये हैं।

बुद्ध के प्रमुख वचन

- जीवन कष्टों से भरा है।
- लिप्सा तृष्णा का ही दूसरा रूप है।

बौद्ध धर्म के त्रिरत्न

- **बुद्ध, धम्म, संघ**

बुद्ध के चार आर्य सत्य

1. दुःख
2. दुःख समुदाय
3. दुःख निरोध (निवारण)
4. प्रतिपदा

- इन्हीं का कालान्तर में विस्तार होकर ये **अष्टांगिक मार्ग कहलाये।**
- भिक्षुओं का कल्याण मित्र

अष्टांगिक मार्ग

1. सम्यक दृष्टि
2. सम्यक संकल्प
3. सम्यक वाणी
4. सम्यक कर्मान्त
5. सम्यक आजीव
6. सम्यक व्यायाम
7. सम्यक स्मृति
8. सम्यक समाधि

- समाधि मनुष्य के जीवन का परम लक्ष्य निर्वाण प्राप्ति।
- जीवन-मरण चक्र से मुक्ति

बौद्ध धर्म

- अनीश्वरवादी
- पुनर्जन्म में विश्वास
- अनात्मवादी धर्म

बौद्ध धर्म के प्रतीक

जन्म - कमल व साण्ड
गृहत्याग - घोड़ा
ज्ञान - पीपल
निर्वाण - पदचिन्ह
मृत्यु - स्तूप

- बौद्ध धर्म का सर्वाधिक विस्तार कोशल राज्य में।
- **बौद्ध धर्म के सर्वाधिक उपदेश श्रावस्ती में दिये गये।**
- बौद्ध धर्म के प्रचार केन्द्र - मगध

4 सत्य

- सम्पूर्ण संसार दुखों से भरा हुआ है।
- समस्त दुखों का कारण इच्छा है।
- यदि इच्छा पर विजय प्राप्त कर ली तो समस्त दुख का अंत हो जायेगा।
- इच्छा पर विजय प्राप्त करने के अष्टांगिक मार्ग है।

बौद्ध संगीतियां

1. 483 ई.पू. संरक्षक शासनकाल में अजातशत्रु के राजगृह में रचना रची गयी।
   सुत्तपिटक विनयपिटक
   (बुद्ध के उपदेश) (संघ के नियम)
   अध्यक्ष - महाकस्सप
2. 383 ई.पू. संरक्षक - कालाशोक
   वैशाली में - भिक्षुओं में मतभेद
   अध्यक्ष - सर्वकामिनी
3. 250 / 251 ई.पू. संरक्षक शासनकाल में - अशोक
   पाटलिपुत्र में रचना रची गयी अभिधम्मपिटक (बुद्ध के दार्शनिक विचार)
   अध्यक्ष - मोग्गलिपुत्त तिस्स
4. **प्रथम शताब्दी संरक्षक - कनिष्क**
   कुण्डलवन में हीनयान व महायान
   (कश्मीर) (सम्प्रदाय में बंटा)
   अध्यक्ष - वसुमित्र

- विहार - बौद्ध भिक्षुओं का निवास स्थान
- चैत्य - पूजास्थल

बौद्ध धर्म को अपनाने वाले प्रमुख शासक

- बिम्बिसार - बुद्ध का मित्र
- प्रसेनजीत

- देवती तारा जो प्रज्ञा की अवतार हैं। कुछ मूर्तियों में बोधिसत्व के साथ दिखाई गयी हैं। इसे प्रज्ञापारमिता भी कहा जाता है।
- महायान के अनुयायी प्रज्ञापारमिता, मंजूश्री और अवलोकितेश्वर की उपासना करते थे।

बुद्ध काल में अर्थव्यवस्था और समाज

अर्थव्यवस्था

- 700 ई.पू. के आस-पास उत्तर प्रदेश एवं बिहार की जनता की स्थिति में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए।
- पाणिनी की अष्टाध्यायी और सुतनिपात के अनुसार, खेत की दो या तीन बार जुताई होती थी।
- धान की रोपाई और लोहे के उपकरणों के ज्ञान ने कृषि उत्पादन में क्रांतिकारी परिवर्तन ला दिया।
- चावल उत्पादक मध्य गंगा घाटी में, गेहूँ उत्पादक ऊपरी गंगा घाटी की तुलना में अधिक उत्पादन होता था।
- उत्पादन अधिशेष से जनसंख्या वृद्धि संभव हुई। इसके अतिरिक्त उत्पादन में यज्ञ पर खर्च करने की प्रवृत्ति कम हो गई।
- सांख्यान गृह सूत्र में बैल द्वारा खेती करने, हल चलाने एवं मंत्रों के साथ समस्त कृषि प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का उल्लेख है।
- पाणिनी के समय खेतों का सर्वेक्षण करने वाले अधिकारी को क्षेत्रकार कहा जाता था।
- बौधायन के अनुसार, छः निवर्तन भूमि की उपज से एक परिवार का भरण-पोषण होता था। अतः इससे ज्ञात होता है कि भूमि-माप की इकाई निवर्तन कहलाती थी और एक निवर्तन डेढ़ एकड़ के बराबर होती थी।

फसल-

- सूत्र ग्रंथों में दो प्रकार के जौ- यव और यवानी, पाँच प्रकार के चावलों (कृष्ण ब्रिही, महाब्रीही, हायन, यवक और पष्टिक) का उल्लेख है।
- बौद्ध ग्रन्थों में ईख की खेती की चर्चा की गई है। प्राचीन बौद्ध एवं जैन साहित्य में शलिल (चावल) के 5 किस्मों की चर्चा की गई है (रक्त शलि, कालम शलि, गंधशलि, महाशलि)।
- प्राचीन बौद्ध साहित्य में खेत पति, खेत स्वामी या वथूपति की चर्चा की गई है।
- इसका अर्थ है-भूमि के अलग-अलग स्वामी होते थे।
- इससे यह संकेत मिलता है, भू व्यक्तिगत स्वामित्व की भावना विकसित हो चुकी थी।
- कृषि में भी बड़े-बड़े फार्मों का विकास हुआ।
- माना जाता है कि 500 हलों से खेती की जाती थी। अब बौद्ध ग्रंथों के अनुसार कृषि में दासों, कर्मकारों एवं पस्सों को लगाया जाता था।

गृहपति

- वैदिक युग में याजक (यज्ञ करने वाला) और पशुचारक थे किन्तु छठी सदी ई.पू. में वे पहली बार विशाल पितृसत्तात्मक परिवार का मुखिया बन गए।
- उन्हें धन के कारण सम्मान प्राप्त हुआ। गृहपति राज्य की सेना को वेतन देता था और बुद्ध संघ की सेवा के लिए उसने 1250 गौ सेवकों को नियुक्त किया था। उसी तरह अनाथपिंडक संपन्न गृहपति था।

शिल्प

- इस काल में राजगृह में 18 प्रकार के शिल्पों की चर्चा की गयी है।
- शिल्पों का केवल विशिष्टीकरण हुआ शिल्पों का क्षेत्रीयकारण भी हुआ।
- वैशाली के सदलपट में कुंभकार की 500 दुकाने थीं।
- जुलाहों की भी अलग-अलग बस्तियां थीं जुलाहों का वार्ड तंतु बायधान कहलाता था।
- हाथी दांत का काम करने वाले दंतकारवीथि कहलाते थे।
- रंगरेजों का कार्य करने वाले रंगरेजकार विथि कहलाते थे।
- यह काल उत्तरी काले पॉलिशदार मृदभांड चरण से जुड़ा हुआ था।
- इसी काल में 300 ई.पू. के आस-पास घेरेदार कुएं एवं पक्के ईंटों का प्रयोग होने लगा।
- धातु के आहत सिक्के का प्रथम प्रयोग 500 ई.पू. के आस-पास हुआ।
- आरंभ में आहत सिक्के चांदी के बनाये जाते थे किन्तु तांबे के भी होते थे।
- पंचमार्क सिक्के में धातु के टुकड़ों पर हाथी, मछली, सांड, अर्द्धचंद्र की आकृतियाँ बनाई जाती थीं।
- ये पूर्वी उत्तर प्रदेश, मगध और तक्षशिला में विशेष रूप से पाए गए हैं।
- कुछ अन्य सिक्कों की भी चर्चा हुई है यथा कर्षापण, पाद, माशक, काकणिक, सुर्वण (निष्क)। बिम्बिसार और अजातशत्रु के काल में राजगृह में पाँच मास एक पाद के बराबर होता था।
- पाणिनी के काल में निम्नलिखित सिक्के चलते थे-निष्क, पण, पाद, मास, शान (तांबा का एक सिक्का)।

व्यवसायिक संगठन

- श्रेणियों के पदाधिकारियों को चौधरी (प्रमुख) और जेठक (ज्येष्ठक) और भाण्डागारिक कहा जाता था।
- बिना श्रेणियों के संगठित उद्योगों का संचालन ज्येष्ठक करते थे।
- व्यापार प्रमुख या मुखिया 'महासेठी' कहलाता था। कारवाँ (व्यापारियों का काफिला) सितारों और कौए की सहायता से थलनिय्याम के नेतृत्व में चलता था।
- बुद्ध काल में आर्थिक संघों को बहुत स्वायत्तता प्राप्त थी।

- वे वस्तुओं के मूल्य निश्चित करते थे। निजी सदस्यों पर गहरी पकड़ थी और इसके लिए उन्हें राज्य की ओर से भी मान्यता प्रदान की गई थी।
- वे भ्रष्ट सदस्यों का निष्कासन कर सकते थे।
- किसी भी स्त्री को बौद्ध संघ की सदस्यता के लिए, अपने पति के अतिरिक्त पति के संघ की अनुमति भी लेनी पड़ती थी।
- प्रारंभिक धर्म सूत्रों में ऋणों पर ब्याज 1¼ प्रतिशत प्रतिमास (15 प्रतिशत वार्षिक) था। वाणिज्य व्यापार विकसित अवस्था में था।
- एक मार्ग ताम्रलिप्ति से पाटलिपुत्र एवं श्रावस्ती के माध्यम से उज्जैन होते हुए भड़ौंच से जुड़ता था।
- दूसरा मार्ग मथुरा-राजस्थान-तक्षशिला से जुड़ा था।
- व्यापार की वृद्धि के लिए पांडय सिद्धि संस्कार किया जाता था।
- इसमें सोम की पूजा की जाती थी।

नगरों का विकास-

- बुद्ध काल को द्वितीय नगरीकरण का काल भी कहा जाता है।
- प्रथम नगरीकरण सिन्धु घाटी सभ्यता के दौरान हुआ था।
- तैतरीय अरण्यक में पहली बार नगर की चर्चा की गई है।
- उस काल में कुल 60 नगर थे जिनमें श्रावस्ती जैसे 20 नगर थे।
- बुद्ध काल में 6 बड़े नगर या महानगर थे यथा, राजगृह, चंपा, काशी, श्रावस्ती, साकेत, कौशांबी।

समाज

- इस काल की सामाजिक जानकारी हमें ब्राह्मण साहित्यों से मिलती है।
- उपनिषदों के पश्चात् ब्राह्मण साहित्य का एक बड़ा भाग सूत्र के रूप में लिखा गया। सूत्र साहित्य की रचना बौद्ध धर्म के प्रचार का मुकाबला करने के लिए हुआ था।
- सूत्र साहित्य में कल्प सूत्र का विशेष महत्त्व है।
- कल्प सूत्र तीन भागों में विभाजित हैं- स्रौत सूत्र, गह्य सूत्र और धर्म सूत्र।
- आगे सूत्रों की ही भांति स्मृतियों में भी सामाजिक एवं धार्मिक व्यवस्था का प्रतिपादन हुआ। फिर भी दोनों में अन्तर है।
- सूत्र साहित्य गद्य और पद्य दोनों में है जबकि स्मृति साहित्य केवल पद्य में है।
- सूत्र और स्मृति साहित्य मिलकर शास्त्र कहे जाते हैं।
- गौतम धर्मसूत्र सबसे प्राचीन माना जाता है।
- प्रारंभ में गौतम, बौधायन, वशिष्ठ एवं अपास्तम्ब के धर्मसूत्र लिखे गए।
- गौतम एवं वशिष्ठ उत्तर भारत के हैं जबकि बौधायन एवं अपास्तम्ब दक्षिण भारत के।
- कतिपय मुद्दों पर इन सूत्रकारों के बीच भी मतभेद है। उदाहरण के लिए गौतम एंव बौधायन आठ प्रकार के विवाहों की चर्चा करता है जबकि अपास्तम्ब के सूत्र केवल छः प्रकार के विवाहों का जिक्र करते हैं।
- उसी तरह बौधायन उत्तराधिकार में बड़ा पुत्र को एक बडे अंग दिया जाने का हिमायत करता है जबकि अपास्तम्ब इस तथ्य को स्वीकार नहीं करता है।
- इसी प्रकार गौतम ब्राह्मण को विशिष्ट स्थिति में ब्याज पर धन देने का अधिकार देता है अर्थात् अगर वह किसी मध्यस्थ के माध्यम से किया जाय।
- फिर वह ब्राह्मण को कृषि एंव वाणिज्य व्यापार करने का अधिकार देता है। दूसरी तरफ बौधायन महत्वपूर्ण गतिविधि समुद्र-यात्रा की निन्दा करता है तथा उसें अधर्म करार देता है।
- इस काल में वर्ण व्यवस्था का जन्म हो गया।
- समाज का कबिलाई ढाँचा टूट गया और सूत्र साहित्य के द्वारा जाति पर आधारित समाज को नियमबद्ध करने की कोशिश की गई।

ब्राह्मण- यज्ञ की प्रतिष्ठा के साथ समाज में ब्राह्मणों का दर्जा सर्वश्रेष्ठ हो गया। महात्मा बुद्ध ने ब्राह्मणों को 5 वर्गों में विभाजित किया है-

1. ब्रह्म समां (ब्रह्मा के समान)
2. देव समां (देवताओं के समान)
3. मर्यादा- (जो अपने जातीय गौरव का पालन कर रहा हो)
4. सभिन्न मर्यादा- (जो अपनी जातीय मर्यादा से च्युत हो चुका है)
5. ब्राह्मण चांडाल- वह ब्राह्मण जो चांडाल के समान हो।

- राजा अन्य वर्णों का शासक था परन्तु ब्राह्मण वर्ग का नहीं।
- ब्राह्मणों को किसी प्रकार का शारीरिक दंड नहीं दिया जाता था और वे कर से भी मुक्त होते थे।
- एक ही अपराध के लिए चारों वर्णों को अलग-अलग सजाएँ निर्धारित की गयी थीं।
- ब्राह्मणों को सबसे कम एवं शूद्रों को सबसे अधिक सजा मिलती थी।
- उसी तरह ब्याज की राशि भी अलग-अलग लगती थी।
- क्षत्रिय वर्ण की प्रतिष्ठा अब इसलिए बढ़ गई थी कि अब लोहे के उपकरण युद्धास्त्रों के रूप में प्रयुक्त होने लगे थे।
- उसी तरह कृषि उपकरण और उत्पादन में विकास से वैश्य वर्ण की आर्थिक क्षमता भी बढ़ गई और बड़े-बड़े गृहपति अस्तित्व में आए।

शूद्र की स्थिति- गौतम ने शूद्र को अनार्य कहा है। पाणिनी ने शूद्रों को दो वर्गों में विभाजित किया है,
(1) अनिर्वासित (अवहिष्कृत) और
(2) निर्वासित (बहिष्कृत)।

- ब्राह्मण शूद्रों का स्पर्श किया हुआ भोजन नहीं करते थे।

तृतीय संगीति	250/2। ई.पू.	पाटलिपत्र	मोग्गलिपुत्त तिस्स	अशोक (मौर्य वंश)	अभिधम्म पिटक (दार्शनिकसिद्धांत) का संकलन
चतुर्थ संगीति	प्रथम शताब्दी ईस्वी	कुंडलवन (कश्मीर)	वसुमित्र (अध्यक्ष) अश्वघोष (उपाध्यक्ष)	कनिष्क (कुषाण वंश)	बौद्ध धर्म का विभाजन-(।) हीनयान, (2) महायान

बौंध धर्म के पतन के कारण-

जिस प्रकार बौद्धधर्म के विकास को अनेक कारणों ने प्रभावित किया था, उसी प्रकार इसके पतन के लिए भी अनेक कारण उत्तरदायी थे। इनमें प्रमुख कारण निम्नलिखित

।. बौद्धधर्म में प्रविष्ट बुराइयाँ

बौद्धधर्म का उन्दव एवं विकास ब्राह्मणधर्म में प्रचलित दुर्गुणों की प्रतिक्रिया का परिणाम था। इसलिए, आरम्भ में इस धर्म को जनता का समर्थन मिला, परन्तु कालांतर में इस धर्म में भी वे ही दुर्गुण प्रविष्ट हो गए, जिनका इसने विरोध किया था। फलतः यह अपनी उपयोगिता और लोकप्रियता खो बैठा। बुद्ध के पश्चात इस धर्म में भी अनेक आडंबरों का प्रवेश हो गया। महायानियों ने बुद्ध को एक देवता के रूप में प्रतिष्ठित किया, उनकी मूर्तियाँ बनाकर उनकी पूजा करने लगे। इतना ही नहीं, अनेक वैदिक देवताओं को भी बौद्धों ने अपना लिया। 6-7वीं शताब्दी से तांत्रिक प्रभाव के कारण इसका स्वरूप और भी विकृत और दूषित हो उठा। वस्तुतः बौद्धधर्म के विकास ने बौद्धधर्म और ब्राह्मणधर्म के विभाजन को मिटा दिया। यौगिक क्रियाओं के संपादन, धार्मिक क्रियाकलाप और अनुष्ठानों तथा मंत्रों ने हिन्दूधर्म और बौद्धधर्म को समान स्तर पर ला दिया। फलतः बौद्धधर्म अपना आकर्षण खो बैठा। तथाकथित नए धर्म की तरफ आकृष्ट होने की अपेक्षा जनता ने नव-ब्राह्मणधर्म को ही अपनाना उचित समझा।

2. संघ का भ्रष्टाचारपूर्ण जीवन

आरम्भ में बौद्धसंघ का संगठन धर्मप्रचार हेतु किया गया था। संघ के सदस्यों के लिए आचरण संबंधी कठोर नियम बनाए गए थे, जिससे सदाचारी जीवन व्यतीत करते हुए वे धर्म का प्रचार कर सकें; परन्तु बौद्धधर्म के स्वरूप में परिवर्तन होने से संघीय जीवन में भी बदलाव आया। इस परिवर्तन के अनेक कारण थे। सबसे प्रमुख कारण था- इन संघों को दान में मिलनेवाला धन। धनी व्यापारियों के दान से संघ साधनसंपन्न हो गए।

3. फलतः बौद्ध भिक्षु आदर्शमय जीवन त्याग कर भोग

विलास की जिंदगी व्यतीत करने लगे। संघ में स्त्रियों के प्रवेश ने पतन की प्रक्रिया और भी तेज कर दी। भिक्षु-भिक्षुणी सदाचारी जीवन व्यतीत न कर भ्रष्टाचारी बन गए। वज्रयान-संप्रदाय के विकास ने शारीरिक सुख एवं मादक द्रव्यों के सेवन को सहज और व्यावहारिक बना दिया। फलतः संघ के सदस्यों का जीवन-दर्शन ही बदल गया। संघ परस्पर विवाद और कलह भी अड्डे बन गए। इन कारणों से जन-समुदाय का विश्वास और उनकी श्रद्धा बौद्धधर्म से समाप्त हो गई और धीरे-धीरे वे अपना महत्व खो बैठे।

4. नए-नए संप्रदाय का उदय

बौद्धधर्म के पतन का एक प्रधान कारण था इसकी एकता का खंडित होना। बुद्ध की मृत्यु के पश्चात बौद्धों में आपसी विभेद उठ खड़ा हुआ। वैशाली की सभा में ही यह विवाद प्रकट हुआ. जिसके परिणामस्वरूप स्थविरवादियों और महासंधियों का उदय हुआ। दोनों के विभेद चौथी सभा में स्पष्ट रूप से ऊभरकर सामने आए। फलतः बौद्धधर्म दो प्रमुख संप्रदायों- हीनयान और महायान में विभक्त हो गया। धीरे-धीरे हीनयान का प्रभाव कम होता गया और यह भारत से विलुप्त हो गया। महायान भी अपने वास्तविक स्वरूप में नहीं बना रह सका। आठवीं शताब्दी से तांत्रिक प्रभाव के कारण इसका स्वरूप भी परिवर्तित हो गया। प्रमुख संप्रदायों के अतिरिक्त अन्य छोटे बड़े संप्रदायों का भी उदय हुआ। इनके आपसी विरोध और कलह ने जनता को इस धर्म से विमुख कर दिया और इसका पतन अवश्यंभावी बना दिया।

5. संस्कृत का सहारा लेना

आरंभिक अवस्था में बोद्धधर्म की अपार सफलता का एक कारण यह था कि इसने जनसाधारण की भाषा-पाति के माध्यम से प्रचार कार्य किया। बौद्धों के ग्रंथ भी पाति-भाषा में ही लिखे गए थे। अतः जनसाधारण के लिए बौद्धधर्म सरत और ग्राम बना रहा, परन्तु कालांतर में महायान सम्प्रदाय के उदय के पश्चात बौद्धों ने भी दुरूह और कठिन संस्कृत भाषा का सहारा लिया। बौद्धग्रंथों की रचना भी संस्कृत में होने लगी। इससे इसका व्यापक और लोकप्रिय स्वरूप कमजोर पड़ने लगा। वज्रयान-संप्रदाय के उदय के साथ बौद्धों का संस्कृत से संबंध और भी गहरा हो गया। जनसाधारण धर्म की गूढ़ बातों को समझने में असफल रहा और उसने इस धर्म से अपना संबंधविच्छेद कर लिया।

6. राज्याश्रय की समाप्ति

राज्याश्रय की समाप्ति से भी बौद्धधर्म के विकास को गहरा धक्का लगा। प्रारम्भ में राजकीय संरक्षण के कारण इसे फैलने में बहुत मदद मिली थी। अशोक और कनिष्क ने इसे अपनाकर इसके विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके पश्चात कोई भी ऐसा शासक नहीं हुआ, जो इस धर्म के विकास में पूरी अभिरुचि लेता। उलटे शुंग और गुप्त शासकों ने ब्राह्मणधर्म को प्रश्रय दिया। यद्यपि हर्षवर्द्धन ने पुनः बौद्धधर्म को अपनाकर इसकी प्रतिष्ठा स्थापित करने की कोशिश की,

- जैन धर्म के दो प्रकार के शील व्रत हैं। (1) गुणव्रत (2) शिक्षाव्रत
- ज्ञान प्राप्ति के बाद महावीर स्वामी ने पावापुरी में जैनसंघ की स्थापना की थी।
- जैन धर्म के सन् स्याद का अर्थ है, शायद है भी और नहीं भी
- स्यादवाद सप्तभंगी ज्ञान को कहते हैं।
- न्यायवाद का संबंध जैन धर्म से है।
- महावीर स्वामी के शिष्य मक्खलीपुत्र गॉशाल ने आजीविक सम्प्रदाय की स्थापना की थी।
- रणथम्भौर के जैन मन्दिर का शिखर पृथ्वीराज चौहान ने बनवाया था।
- जैन धर्म का सर्वाधिक प्रचार प्रसार व्यापारी वर्ग में हुआ।
